विकास आयुक्त कार्यालय
SRLM प्रकोष्ठ
ब्लाक–चार, प्रथम तल, कक्ष क्रमांक–38 (CIV)
इंद्रावती भवन, नया रायपुर, छत्तीसगढ

बिहान

Ph. No. 0771-2510745, Fax No. 0771-2420222, E-mail – mdcgsrlm@gmail.com

क्रमांक 1054 / NRLM/LH/2017 नया रायपुर, दिनांक 01 /06/2017

प्रति,

आयुक्त,
मनरेगा,ब्लाक 1,तृतीय तल
इंद्रावती भवन, नया रायपुर छत्तीसगढ़

विषय :– **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' अंतर्गत गठित स्व–सहयता समूहों के सदस्यों को विभागीय योजनाओं के अंतर्गत अभिसरण के माध्यम से आजीविका संवर्द्धन करना।**

—00—

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गरीब, पिछड़ी हुई महिलाओं को स्व–सहायता समूह से जोड़कर उनके आजीविका संवर्द्धन हेतु कार्य किया जा रहा है। अब तक राज्य के 27 जिलों एवं 85 विकासखण्डो में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' अंतर्गत कुल– 51013 स्व–सहायता समूह का गठन कर कुल– 562281 महिलाओं को स्व–सहायता समूह से जोड़ा जा चुका है।

स्व–सहायता समूह के सदस्यों के आजीविका संवर्द्धन हेतु बिहान द्वारा संवहनीय कृषि एवं महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना (MKSP) के अंतर्गत मनरेगा योजना से महिला किसानों के जीवन स्तर में सुधार करने हेतु विभिन्न गतिविधियां जैसे नाडेप, वर्मीकम्पोस्ट, पशुशेड, मुर्गीशेड, बकरी शेड, अजोला टैंक, पक्का फ्लोर, कुआं, डबरी, आदि गतिविधियों में अभिसरण करने की आवश्यकता है।

अतः जिले /विकासखण्ड स्तर पर पदस्थ अधिकारीयों को उक्त गतिविधियों के लिये अभिसरण हेतु निर्देर्शित करने का कष्ट करें।

1/6/2017

(भोस्कर विलास संदीपन)
राज्य मिशन संचालक, NRLM
विकास आयुक्त कार्यालय
इंद्रावती भवन, नया रायपुर
छत्तीसगढ़

पृ.क्रमांक 1055 / NRLM/LH/2017 नया रायपुर, दिनांक 01 /06/2017

प्रतिलिपिः—

1. स्टॉफ ऑफिसर, अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महानदी भवन, नया रायपुर।
2. कलेक्टर, जिला— समस्त छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत— समस्त छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ।

(भोस्कर विलास संदीपन)
राज्य मिशन संचालक, NRLM
विकास आयुक्त कार्यालय
इंद्रावती भवन, नया रायपुर
छत्तीसगढ़